# विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
# विद्युत भवन प्रमण्डल संख्या–1, पटना।
## केवल ई0 निविदा पद्दति के अुनसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर
## ई0–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 32/2026–2027

1. विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता :– **विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमण्डल संख्या–1, पटना।**
2. निविदा आंमत्रण की तिथि :– 10.08.2026
3. परिमाण विपत्र (अपलोड/डाउनलोड) करने की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक– 25.08.26 से 15.09.2026 को 15:00 बजे तक।
4. मूल कागजात जमा करने की अंतिम तिथि एवं स्थान :– दिनांक–16.09.2026 को 15:30 बजे तक।
   a. विद्युत कार्यपालक अभिंयता, विद्युत भवन प्रमण्डल संख्या–1, पटना।
   b. विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत भवन अंचल, पटना।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–17.09.2025 को 3.30 बजे अपराहन तक।
6. परिमाण–विपत्र की बिक्री एवं स्थान :– वेवसाईट www.eproc2.bihar.gov.in
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– वेवसाईट www.eproc2.bihar.gov.in
8. निविदा वैधता की तिथि :– 120 दिन।
9. **कार्य का विवरण :–**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | परिमाण–विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य (न लौटाने योग्य) | ई–निविदा Bid processing fee | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Estimate for Provision of Electrical wiring and Electrical Installation in New Constructed Building (G+1) in the Campus of 5 No. Circular road, patna | 28,47,892/- | 57,000/- | 5,000/- | As Per Online Requirement | 30 दिन। |

10. समुचित श्रेणी मे नवीकृत निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग लेने हेतु सक्षम होंगे। वैसे संवेदक जो किसी विभाग द्वारा डिवार अथवा कालीकृत किये गये है या जिनके द्वारा कार्यावंटन के पश्चात भी तय सीमा तक एकरारनामा नहीं किया गया हो या किसी कार्य को अधुरा छोड़ा गया हो इस निविदा में भाग नहीं ले सकते है।
11. परिमाण–विपत्र की राशि अंक गणितीय गणना में स्वीकृत पश्चात घट/बढ़ सकती है। तदुनसार अग्रधन की राशि जमा करना अनिवार्य होगा।
12. कार्य की विशिष्टयों अथवा निविदा की शर्तो के संबंध में किसी भी प्रकार की पृच्छा या स्पष्टीकरण प्रीबिड मीटिंग की तिथि को या उससे पूर्व की जा सकती है। उसके बाद निविदा से संबंधित किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नही किया जायेगा।
13. केवल ई–निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाइट पर www.eproc2.bihar.gov.in पर निष्पादित किया जायेगा। ई–निविदा प्रक्रिया से संबंधित जानकरी Toll Free No. 18005726571 एवं Email ID : eproc2support@bihar.gov.in पर सभी कार्य दिवसों में प्राप्त की जा सकती है।



Scanned with OKEN Scanner

14. ई–निविदा में भाग लेने हेतु इच्छुक संवेदकों को ई–प्रोक्योरमेंट के साथ निबंधन कराना होगा। वेबसाईट पर आवश्यक निबंधन प्रपत्र उपलब्ध है। इस निबंधन से उन्हें (User ID) तथा पासवर्ड (Password) मिलेगा। संवेदक को DSC (Digital Signature Certificate) भी प्राप्त करना होगा। User ID, Password, DSC एवं इन्टरनेट के उपयोग से ही संवेदक ई–निविदा में भाग ले सकेंगे।
15. निविददाताओं को सिर्फ वेबसाइट पर ही निविदा कागजात प्राप्त (डाउनलोड) एवं जमा (अपलोड) करना होगा। सूनिश्चित जगहों पर भरे गये विहित प्रपत्रों को एवं आवश्यक कागजातों को समर्पित करना होगा। निविदा खुलने की जानकारी तथा निविदा संबंधित किसी भी प्रकार के शुद्धि पत्र की जानकारी बेवसाईट से प्राप्त होगी। विस्तृत जानकारी एवं शर्तो के लिये बेवसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है।
16. निविदा प्रपत्र वेबसाईट पर Tender Free View में उपलब्ध है जिसे सिर्फ www.eproc2.bihar.gov.in से ही प्राप्त (डाउनलोड) किया जा सकता है।
17. निविदा कागजात का मूल्य 5,000/–(जो किसी भी स्थिति में लौटाया नहीं जायेगा) को वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर उपलब्ध विकल्पों के अनुसार Online Mode मे ही स्वीकार किया जायेगा।
18. Bid Processing Fee + Applicable Tax को संवेदक के द्वारा Internet Payment Gateway (Credit/Debit Cards) अथवा Internet Banking अथवा NEFT/RTGS Challan के माध्यम से (कॉलम 6) के अनसुसार B.S.E.D.C के Bid Processing Fee Account में Credit करेंगे। ऐसा नहीं करने पर निविदा मान्य नहीं होगी। यह फीस निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व जमा किया जाना अनिवार्य है।
19. E-proc 2.0 प्रणाली के तहत Online विधि से समर्पित EMD (अग्रधन की राशि) ही स्वीकार किये जायेगे। E-proc 2.0 में परिमाण–विपत्र की राशि Internet Payment Gateway के माध्यम से ही लिया जाना है।
20. सभी मूल कागजात यथा परिमाण–विपत्र के मूल्य के लिये जमा की गई राशि का प्राप्ति रसीद तथा अग्रधन के रूप Online Mode में जमा किए गए राशि का प्राप्ति रसीद (जो भी लागू हो) को विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमण्डल संख्या–1, पटना या विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत भवन अंचल, पटना, भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना के कार्यालय में तकनीकी बीड खोलने की निर्धारित तिथि एवं समय से पूर्व जमा करना अनिवार्य है, ऐसा नही करने पर निविदा मान्य नहीं होगा।
21. निविदादाता को किसी भी कार्य विभाग द्वारा निविदा में भाग लेने से रोक नहीं/काली सूची में शामिल नहीं होने के संदर्भ में शपथ–पत्र मूल में समर्पित करना होगा।
22. निविदाकर्ता को सलाह दी जाती है कि अंतिम तिथि से पूर्व समय रहते हुए परिमाण–विपत्र डाउनलोड एवं निविदा उपलोड कर दे, अन्यथा अंतिम समय में इंटरनेट सेवा बांधित रहने के कारण निविदा नहीं डाले जाने के लिये कोई दावा मान्य नहीं होगा।
23. माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा CWJC No- 9941/2022 बिहार संवेदक संध बनाम बिहार सरकार एवं अन्य में दिनांक– 06.07.2023 को सुनवाई के उपरान्त पारित न्यायादेश में वादी द्वारा दायर Writ याचिका को Dismissed कर दिया गया है।

अतः पथ निर्माण विभाग के अधिसूचना संख्या– 447 (S)–सह–पठित–ज्ञापांक– 448 (S), दिनांक– 16.01.2020 एवं भवन निर्माण विभाग, के विभागीय पत्रांक– 566 (भ) अनु0, दिनांक– 17.01.2020, में निहित भार्त के अन्तर्गत Addidinal Performance Guranttee मान्य होगा। सिड्यूल दर से कम दर उद्वत करने पर बैंक गांरटी के रूप में अतिरिक्त जमानत की राशि जमा करना होगा अन्यथा निविदा रद्व कर दी जायेगी।

24. संवदेक अपने सभी अभिलेखों को स्वहस्ताक्षरित तिथि सहित अंकित हो, करने के पचात् स्कैन कर कागजातों को अपलोड करने के पूर्व सूचीबद्ध करते हुए क्रमांक अंकित करेंगे, ताकि किसी खास कागजात को क्रमांक संख्या/पृष्ट संख्या के आधार पर शीघ्र खोजा जा सकें। सभी अभिलेख PDF, MS Office (compatibility made), JPEG, ZIP format में ही Upload किए जाय, अन्य Format में Download/Open नहीं होने पर कोई दावा मान्य नहीं होगा।
25. कार्यावंटन के पश्चात् बिहार सरकार द्वारा जारी संकल्प एवं परिपत्रों में दिये गये निर्देशों का निर्माण कार्य में पालन करना अनिवार्य होगा।
26. कार्य की गुणवत्ता के लिए संवेदक पूर्ण रूप से जिम्मेदार होगें।



Scanned with OKEN Scanner

27. निविदा अभिलेख के Electrical Licence, (आवश्यकतानुसार सुपरवाईजर एवं तारकर्मी का सत्यापन भी कराया जा सकता है।) अद्यतन जी0 एस0 टी0 प्रमाण–पत्र, पैन कार्ड, वैध चरित्र प्रमाण पत्र स्वहस्ताक्षर कर समर्पित करना होगा।
28. निविदादाता निविदा लेने के पूर्व, कार्य स्थल, प्राक्कलन, क्वैरी एवं निर्माण समाग्रियों से पूणतः संतुष्ट होने के पश्चात् ही निविदा में भाग लें बाद में किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
29. अगर निविदा प्राप्ति की तिथि को अपरिहार्य कारण से अवकाश घोषित होता है, तो उस दिन को की जाने वाली निविदा संबंधी प्रक्रिया अगले कार्य दिवस को होगी।
30. समय–समय पर विभाग द्वारा दिए गए अनुदेश निविदा एवं एकरारनामा का अभिन्न अंग होगा।
31. कार्य की पूर्ण जानकारी के लिये विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमण्डल संख्या–1, पटना या विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत कार्य अंचल, पटना, भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना से किसी भी कार्य दिवस के कार्य अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।
32. बिना कारण बताये निविदा को अस्वीकृत करने/रद्द करने का अधिकार सक्षम पदाधिकारी को सुरक्षित है।
33. जाँच के क्रम में कोई भी अभिलेख गलत पाए जाने पर विभाग कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र होगा।
34. आवंटन उपलब्ध रहने पर भुगतान किया जायेगा।
35. विस्तृत जानकारी हेतु बेवसाईट www.eproc2.bihar.gov.in/www.prd.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत भवन प्रमण्डल संख्या–1, पटना



Scanned with OKEN Scanner